



## सलमान के बाद सिंगर को सांप ने चेहरे पर काटा

अभी बॉलिवुड से सलमान खान को सांप काटने की खबरें ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि अब एक सिंगर को सांप काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह सिंगर हॉलिवुड की हैं, जिनका नाम मेटा है, जिन्हें कैमरे के सामने ही सांप ने उनके मुंह पर काट लिया। सिंगर का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाया है। हालांकि, इस वीडियो को सिंगर ने खुद अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह सांपों के साथ फोटोशूट के लिए पोज देती दिख रही हैं। उनके साथ एक ब्लैक सांप पहले से नजर आ रहा है और इसी बीच एक शख्स उनके सामने सफेद सांप लाकर रखता है। अचानक वहां पड़ा ब्लैक सांप सिंगर के चेहरे पर काट लेता है और वह झटककर दूर चली जाती हैं। बता दें कि सलमान खान भी पिछले कुछ समय से सांप के काटने को लेकर काफी खबरों में छाए रहे हैं। सलमान ने बताया, एक सांप मेरे फार्महाउस में आ गया तो मैंने उसे एक स्टिक की मदद से बाहर निकाला। लेकिन सांप मेरे हाथ तक पहुंच गया। तब मैंने उसे पकड़ लिया और उसी दौरान उसने मुझे 3 बार काट लिया। वह एक तरह का जहरीला सांप था। मैं 6 घंटों तक हॉस्पिटल में रहा और अब ठीक हूं।

## गिरते–गिरते बचीं मलाइका अरोड़ा, कार से उतरते ही हाई हील ने दिया धोखा

मलाइका अरोड़ा बीती रात करिश्मा कपूर के घर पार्टी मे पहुंचीं। इस पार्टी में मलाइका और उनकी पूरी गैंग शामिल हुई। मलाइका अर्जुन कपूर के साथ यहां पहुंची थीं। कार जैसे ही करिश्मा के घर के आगे पहंची, मलाइका के साथ एक हादसा होते–होते बचा। मलाइका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें वह अपनी कार से उतरती नजर आ रही हैं। मलाइका हाई हील में हैं और जैसे ही कार से नीचे पैर रखती हैं, उनका पैर बुरी तरह से मुड़ जाता है। हालांकि, अगले ही पल मलाइका खुद को संभाल भी लेती हैं। वीडियो में मलाइका अपने पैर मुड़ने की वजह भी बता रही हैं। मलाइका कहती नजर आ रही हैं कि गाड़ी ढलान पर खड़ी है। इसी ढलान की वजह से मलाइका के साथ बड़ा हादसा होते–होते बचा। बता दें कि करिश्मा कपूर के घर हुई इस पार्टी में करीना भी अपनी पूरी फैमिली के साथ पहुंची थीं। इसके अलावा मलाइका की बहन अमृता अरोड़ा भी इस पार्टी का हिस्सा बनीं। करिश्मा के घर यह यह पार्टी डबल सेलिब्रेशन का मौका था। दरअसल क्रिसमस के साथ ही यह कोविड–19 से फाइट जीतने का सेलिब्रेशन भी था। हाल ही में करीना और अमृता दोनों कोरोना से संक्रमित हुई थीं और पिछले दिनों अपनी फैमिली से दूर आइसोलेशन में रह रही थीं। हालांकि, अब दोनों ठीक हो चुकी हैं और पार्टी मोड में भी आ चुकी हैं।

## सलमान खान के जन्मदिन पर कटरीना कैफ ने दी बधाई




सलमान खान का जन्मदिन है। 27 दिसंबर को भाईजान ने अपना 56वां बर्थडे सेलिब्रेशन पनवेल फार्महाउस पर बीती रात दोस्तों और अपनों के साथ मनाया। तमाम लोग उन्हें सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दी। ऐसे में नई नवेली दुल्हन कटरीना कैफ भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने भी ऐक्टर को इस खास दिन पर बधाइया दीं। कटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट किया। इसमें उन्होंने सलमान खान की ब्लैक एंड व्हाइट फोटो लगाई। हैप्पी बर्थडे का एक कलरफुर जिफ अटैच किया। फिर साफ सफेद शब्दों में सलमान खान के अकाउंट को टैग करते हुए लिखा, जन्मदिन की ढेरों बधाइयां। हमेशा प्यार बरसता रहे और आप ऐसे ही रोशन फैलाते रहें। कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी के बाद फैन्स सलमान के एक पोस्ट का इंतजार कर रहे थे कि कभी तो वह कोई ट्वीट या स्टोरी शेयर करें, जिसमें कपल को नए सफर के लिए शुभकामनाएं दें।

# दर्शन करने तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर पहुंचीं जान्हवी कपूर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*ऐक्ट्रेस जान्हवी कपूर आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। यहां उन्होंने पूजा–अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। जान्हवी ने इस दौरान साउथ इंडियन स्टाइल की हाफ साड़ी और जूलरी पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं।*



जान्हवी के साथ उनकी दोस्त भी थीं। मत्था टेकने के बाद उन्होंने प्रसाद लिया। बता दें कि जान्हवी अकसर धार्मिक यात्राओं पर जाती रहती हैं। पिछले महीने वह दोस्त सारा अली खान के साथ केदारनाथ दर्शन के लिए गई थीं।

**बीते साल मां की बर्थ ऐनिवर्सरी पर किए थे दर्शन**

बीते साल मां श्रीदेवी की बर्थ ऐनिवर्सरी पर जान्हवी तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर गई थीं और प्रार्थना की थी। वहीं साल 2019 में जान्हवी तिरुपति बालाजी मंदिर दर्शन के लिए गई थीं। तब वह नंगे पैर 3500 सीढ़ियां चढ़कर तिरुपति का आशीर्वाद लेने पहुंची थीं।

**३२०० फीट की ऊंचाई पर मंदिर**

तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित है। यहां हर साल लाखों की संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।


**इन 3 फिल्मों में आएंगी नजर**

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो जान्हवी कपूर 2022 में 3 फिल्मों में नजर आएंगी। ये 3 फिल्में हैं– दोस्ताना 2, गुड लक जैरी और मिली। इस साल वह सिर्फ एक ही फिल्म रूही में दिखीं।



# अर्जुन भल्ला, जिनसे शादी करने वाली है स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल

*पॉप्युलर टीवी ऐक्ट्रेस और बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी की बेटी शैनेल की हाल ही सगाई हुई, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर दी। स्मृति ईरानी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी अर्जुन भल्ला से हुई है। हर कोई यह जानने को बेताब है कि आखिर स्मृति ईरानी के होने वाले दामाद अर्जुन भल्ला कौन हैं और क्या करते हैं? क्या वह किसी मंत्री के बेटे हैं?*



यहां हम आपको अर्जुन भल्ला के बारे में सबकुछ बता रहे हैं। सबसे पहले तो बता दें कि शैनेल, स्मृति के पति जुबिन की पहली पत्नी मोना ईरानी की बेटी हैं। शैनेल पेशे से एक वकील हैं। वहीं स्मृति ईरानी के जुबिन से दो बेटे हैं, जिनके नाम जौहर और जोइश हैं। अब बात करते हैं अर्जुन भल्ला की। इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, अर्जुन भल्ला टोरंटो, कनाडा के रहने वाले हैं। उनका जन्म कनाडा में ही हुआ था। उन्होंने कनाडा के सेंट रोबर्ट कैथॉलिक हाई स्कूल से पढ़ाई की। अर्जुन भल्ला ने University of Leicester से एलएलबी की। उन्होंने 2014 में कनाडा में ही एक अकाउंट मैनेजर के तौर पर काम करना शुरू किया। उन्होंने कुछ कंपनियों में लीगल इंटर्न के रूप में काम किया। फिलहाल वह लंदन से एमबीए कर रहे हैं।

स्मृति ईरानी ने हाल ही बेटी शैनेल और अर्जुन भल्ला को बधाई देते हुए एक मजेदार पोस्ट भी किया था। इसमें उन्होंने अर्जुन भल्ला को धमकीश दी थी कि वह उनसे ही नहीं बल्कि उनके पति जुबिन ईरानी से भी बचकर रहें। अर्जुन भल्ला के लिए जिसके पास अब हमारा दिल है, स्वागत है इस पागल फैमिली में। ससुर के तौर पर एक पागल आदमी का सामना करने के लिए और उससे भी बुरी सास यानी मेरा सामना करने के लिए तुम्हें आशीर्वाद (तुमको ऑफिशली चेतावनी दे दी गई है). खुश रहो शैनेल ईरानी।